प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय

(आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग प्रशिक्षण केन्द्र)
चौधरी बगान, हरित भवन के सामने हरमू रोड, रॉची–834001

मो0 सं0–09430142547, 8340645941 ई मेल ranchi@bkivv.org

बार एसोसिएशन में सुरक्षा की प्रतीक राखियॉ बॉधी गईं

बार एसोसिएशन सभागार में आज प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईष्वरीय विष्व विद्यालय, चौधरी बगान, हरमू रोड की केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन द्वारा बार एसोसिएशन अध्यक्ष शम्भु प्रसाद अग्रवाल, तथा अन्य अधिवक्ताओं को राखी बॉधकर पवित्रता का संदेश दिया गया।

आध्यात्मिक भावनाओं के अनुभवों से अभिभूत बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री शम्भु प्रसाद अग्रवाल जी ने कहा प्रेम और सद्‌भावना की भावना से विश्व की बड़ी से बड़ी समस्या को समूल नष्ट किया जा सकता है। नैतिक मूल्यों के संकट के समय ज्योति बिन्दु आध्यात्मिक शक्ति के स्रोत परमात्मा मनुष्यों में मनोबल जागृत करके बुराईयों से मुक्त करने के लिए रक्षासूत्र बॉधते हैं।

अधिवक्ता नरेश भगत ने कहा जो नर नारी इस बंधन को स्वीकार करते हैं वे अशुद्ध विचार व्यवहार से स्वयं की रक्षा करते हैं।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी निर्मला ने अपने संदेष में कहा मनुष्य सर्व समर्थ नहीं है जब धरती पर बुराईयों का साम्राज्य हो जाता है तब करूणासिन्धु परमात्मा मनुष्य को मायावी बंधनों से मुक्त करके ईश्वरीय मर्यादा के रक्षासूत्र में बॉधते हैं। इस रक्षासूत्र को बॉधने से सब रोग नष्ट होकर अशुभ का नाश हो जाता है। राखी के रेशमी धागे रूपये दो रूपये की चीज न होकर मानव में पवित्रता की धारणा कराने वाले अमूल्य उपहार है। राखी की पुण्य प्रदायक भावना विष्व को स्वर्ग बना सकती है। विकारों से रक्षा करने हेतु राखी बंधन की परम्परा वर्तमान संगम समय ही शुरू की गई थी।

सर्वप्रथम राखी, एसोसिएशन के पदाधिकारी को बॉध कर फिर अन्य अधिवक्ताओं को भी राखी बॉधी गई।

मानवता की सेवा में

(ब्रह्माकुमारी निर्मला)
केन्द्र संचालिका